**भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 14 सितम्बर से 29 सितंबर, 2022 तक "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन 14 से 20 सितम्बर, 2022 को ब्यूरो में आयोजित किया गया। "हिंदी पखवाड़ा" के उद्घाटन के अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार, श्री अमित शाह के संदेश को उपस्थित ब्यूरो के कर्मचारियों को डॉ. दीपा भगत, प्रधान वैज्ञानिक ने पढ़कर सुनाया गया। तदोपरांत माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री नरेंद्र सिंह तोमर को श्री जे. मेथ्यू, प्रशासनिक अधिकारी तथा माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री कैलाश चौधरी के संदेश को श्रीमती सुजाण्या और भा.कृ.अनु.प. के माननीय सचिव एवं महानिदेशक, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, डॉ. हिमांशु पाठक की अपील को सुश्री शशी ने उपस्थित कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया।

इसके उपरांत ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने अपने उद्घाटन सम्बोधन में समस्त कर्मचारियों को हिंदी दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी और कहा कि राजभाषा हिन्दी के उपयोग में सरल एवं आसानी से समझ में आने वाले शब्दों के उपयोग से हम इसके प्रचार एवं प्रसार में सहयोगी हो सकते हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए उन स्थानीय भाषाओं के प्रचलित शब्दों को राजभाषा में सम्मिलित करके उपयोग करने से राजभाषा हिन्दी की उतरोत्तर वृद्धि होगी।

"हिन्दी पखवाड़ा" समारोह के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। 17/09/2022 को तात्कालिक संवाद/भाषण एवं वाक्य बनाने की प्रतियोगिता, 27/09/2022 को टिप्पणी एवं मसौदा लेखन और 29/09/2022 को हिन्दी गाना गायन तथा कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने ब्यूरो में सरकारी कामकाज मूल रूप से राजभाषा हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय नकद पुरस्कार क्रमश: श्री सतेंद्र कुमार, श्रीमती नाज़िआ अंजुम और श्रीमती पी. अनीता को प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया।

"हिन्दी पखवाड़ा" समारोह का समापन 29/09/2022 को किया गया। ब्यूरो के प्रभारी निदेशक डॉ. ए. एन. शैलेषा ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में डॉ. ए. एन. शैलेषा ने ब्यूरो के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी के सक्रिय रूप से भाग लेने से "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह का सफल आयोजन हुआ है आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

इस कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया।

"हिंदी पखवाड़ा" समारोह के दौरान लिए गए कुछ फ़ोटो -












हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर, 2022


हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर, 2022


Dr. K. J. DAVID
Dr. S. SALINI
ICAR
NBAIR


Dr. K. J. DAVID
Dr. S. SALINI
ICAR
NBAIR


ICAR
NBAIR


हिन्दी पखवाड़ा


हिन्दी पखवाड़ा


हिन्दी पखवाड़ा


हिन्दी पखवाड़ा




हिन्दी पखवाड़ा




ICAR
NBAIR